Business tycoon Naik was conferred life time outstanding achievement award of IMA. Addressing the gathering after receiving the award Naik shared his corporate journey, which he started as a junior engineer in L&T Naik told youngsters that devotion along with passion conquers everything and youth must take bold steps in order to succeed. "Have an urge to do the best in what you undertake. With devotion, passion, conviction and dedication, you can beat anybody," asserted Naik. He said that youth must be a part and parcel of making of India. "Don't be crazy to run abroad. Let us all create, innovate and move forward," he added.



Audience on concluding day of IMA's 26th International Management Conclave held at Abhay Prashal on Saturday. FP PHOTO

NEED TO INCREASE UTILISATION OF INDUSTRY

Second speaker of the session HDFC chairman Deepak Parekh addressed the gathering on 'Future of India: Challenges and opportunities'. He said that there can be nothing more encouraging than a common platform which brings corporate and students together. "There is lot of changing dynamics in the world but we are the largest growing economy. There are four engines of growth in India which are public spending, private consumption, private sector investment and exports. We need to increase utilisation of industry working". He added, "India is a consumption driven economy. Exports are showing a downtrend. Only 2% of India's population invests in equity which is quite low." Parekh asserted that to build an inclusive society, create jobs, improve court infrastructure, build tax compliant society and ensure freedom of speech.



Deepak Parekh

BUDGET IS POPULIST RATHER THAN POPULAR



Soumya Kanti Ghosh

In the first business session of the day State Bank of India group chief economic advisor Soumya Kanti Ghosh while decoding the budget, declared it populist rather than popular. He emphasized on fiscal consolidation to be of paramount importance for economy. He spoke on Indian industry, agriculture, banking and housing sector, among other topics. Ghosh said, "Budget has added a new target for Indian economy and skill India initiative is playing crucial role for development of Indian youth."

FUTURE BANKING WILL BE SHAPED BY TECHNOLOGY



Rajnish Kumar

SBI national banking group managing director Rajnish Kumar highlighted future of digital banking in India. The senior banker said that previously everything was manual, even telephone system was virtually nonexistent. In mid nineties private banking brought modern technology in banking Industry. Referring to technology banking he said that digital banking is all about data intelligence, artificial intelligence and robotics and to provide customer a unique experience. Technology has power to predict cash flows and analyze behavior of borrowers. Risk management has improved for banking but still we face Forex risk, operations risk and asset liability management. Summing up he said Indian consumers are now more digital than ever and our future will be shaped by technology and driven by financial inclusion.

EVERY WORD HAS MEANING AND MEANING HAS EXPRESSION



Devdutt Pattanaik

For Devdutt Pattanaik, author, speaker, illustrator and mythologist every word has a meaning and meanings have expression. There is a limited truth (mithya) or limitless truth (the truth). Pattnaik elaborated, "Everyone has finite knowledge and understanding, which is a very important thing in management. We often don't value our intuitions. Instead we try to be rational and professional rather than valuing imagination and creativity." Pattnaik said that focus gives way to perspective and complexity is an essence of Indian thought. Every individual has an expiry date; just accept it whether you are a service provider or entrepreneur.

PANEL DISCUSSION ON START-UPS

A panel discussion session on "Startups: Decoding growth engine of modern India" was conducted. The speakers included, Kanika Tekriwal, founder, JetSetGo Aviation Services Private Limited, Amruda Nair, joint managing director and chief executive officer, Aiana Hotels & Resorts, Subramanian S Kalpathi, author and senior consultant - People Business and Shreyasi Singh, author and director, Careers & Programme Development, The Vedica Scholars Programme for Women.

Earlier on the second day conclave began with lightning of lamp followed by welcome address by conclave chairman and IIM director Dr Rishikesha T Krishnan.

5 SUCCESS MANTRAS OF L&T BOSS NAIK

- Be fearless. An insurmountable amount of problem can be solved by being fearless
- Education should be simple but intelligent application of that education is important
- Always work as team
- Don't have an inferiority complex
- If you have passion, no one can beat you



Restructuring PSU banks, industry is need of hour

Biz Leaders Talk About Pushing Up Eco Growth

Times News Network

Indore: India's structure of governing public sector unit banks needs to be changed and more funds should be infused into banks for better operations, said a leading banker on Saturday.

Deepak Parekh, chairman, HDFC Bank said, "Our governance structure of PSU banks need to be changed and banks need more capital. Government must act as a player and umpire to revive the economy. India still stands out as preferred investment shore."

Parekh was speaking on the concluding day of the International Management

TWO-DAY IMA EVENT CONCLUDES

> Be fearless, many problems can be solved then. Education is simple but intelligent application of education counts. Always works as a team. Think about heavy industries as a career move and not just service, financial and IT sector.
>
> **AM Naik** | EXEC CHAIRMAN, L&T

Conclave on Saturday here in Indore. "All banks have gone through tough days over non-performing loans and restructured loans form a double digit in banks' balance sheets. We have to try and solve the issues of non-performing loans," Parekh said.

Referring to demonetization, Parekh said that it was a part of the planned scheme to make India a more tax compliant society and with time, things are being restored back to normal.

The banker said that post demonetisation, direct and indirect taxes have gone up by 17 per cent and 22 per cent.

"Public spending, private consumption, private sector investment and exports are the engines of growth in India," said Parekh.

Addressing a packed auditorium of students and businessmen, the leading banker said that India is a consumption driven economy.

The IMA Lifetime Outstanding Achievement Award for the year 2017 was awarded to AM Naik, group executive chairman, Larsen & Toubro. Naik said, "There are limitless possibilities for India and you can achieve anything through devotion, passion, conviction and dedication." The group executive chairman of L&T said, "Indian industries need to be restructured and firms should be given the freedom to do what they want to do."

The leading businessman addressed questions from the audience on his professional journey and his views on the country's economy.

Naik shared five success mantras with management students and entrepreneurs. He said "Be fearless, an insurmountable amount of problems can be solved then. Education is simple but intelligent application of that education is what counts. Always works as a team."

AM Naik (fifth from right) gets a lifetime achievement award from Deepak Parekh and IMA members

Focus of policy makers is still on agriculture sector

Soumya Kanti Ghosh, group chief economic advisor, State Bank of India said that the recent budget and economic survey has revealed that the country's growth will be consumption-based. Decoding the budget, Ghosh said the focus of policy makers continues to be on agriculture and has not deviated from its long term goal. "The budget has added a new target for the Indian economy and the skill India initiative is playing a crucial role for the development of India's youth," he said. The banker said that the revenue and expenditure figures in the budget were prudent and achievable. "We have to expand the tax base and encourage value based banking," Ghosh said. He said that the budget allocation will give a thrust to the agriculture sector.

Rajnish Kumar, managing director, National Banking Group, SBI said, "Demonetisation has created awareness about cash but cash dealings still remain he most convenient form of transactions as it is the fastest." The banker stressed on the need to develop infrastructure for digital banking.

Market depends on basic principles of hunger, fear

"The biggest crisis of leadership is when the leader thinks the world will collapse without him, said renowned mythologist **Devdutt Pattanaik**. "The biggest crisis of leadership today is that leaders think they are irreplaceable. A good leader should realize that he is transient and should always be ready for talent acquisition and talent management," said Pattanaik. The author, speaker and illustrator said that today's management is based on western thoughts. Addressing the youth, Pattanaik said the market is dependent on the fundamental principles of hunger and fear.

"There are three basic truths for survival and they are identity, hunger and fear."

He said everyone has finite knowledge and understanding and this is important to management. "We don't value our intuitions. Instead we try to be rational and professional rather than value imagination," said Pattanaik.

Concluding his speech, Pattnaik said, "There are immense possibilities in India and they are in the form of stories. Decode them and connect the dots by SWOT analysis."

When we learn, we don't get old, we stay young at heart

Spiritual guru **Anubhavanand** said the mantra for a happy life is to accept life in its original form. Addressing a packed auditorium, Anubhavanand said, "If we can manage ourselves, our job is done. Instead we try to make the world happy which should be completely avoided. We must have wisdom to start and stop in life." He added that one should learn the freedom to withdraw from life and should not take it too seriously. The spiritual leader said that with each question about the complexity of life, the person goes away from his own life. Giving the gathering a mantra for happiness, Anubhavanand said, "Don't seek happiness, but discover happiness. Remove the cover of four wrong notions from life that are about ourselves, the world, God and about real spiritual practice."

"People become miserable not because of less time but of an excess of it. Do not stop the learning process. When we learn, we don't get old, we stay young at heart," he said.

TIMES inter...

सिटी एंकर राइटर और कल्चरल कंसल्टेंट डॉ. देवदत्त पटनायक ये बात सिटी भास्कर से शनिवार को कही

मिथ और लॉजिक का अंतर समझने से साफ होगा नजरिया

श्रद्धा चौबे • महाभारत में अर्जुन पूरी तरह फोकस्ड है। उसकी नजर लक्ष्य पर टिकी है। इसी नजरिए ने उसे दुनिया का सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर बनाया। लेकिन जीवन में उतार-चढ़ाव शाश्वत हैं। श्रीमद्भगवदगीता में यही अर्जुन कन्फ्यूज्ड है। कुरुक्षेत्र में युद्ध से विमुख हुआ क्योंकि उसके नजरिए में बदलाव आ रहा था। श्रीकृष्ण मोटिवेटर बन कर आए और गीता सुनाकर धुंध साफ की। दुनिया ने देखा कि अर्जुन महानायक बन कर उभरे। ऐसे अनेक उदाहरणों से सनातन ग्रंथ भरे पड़े हैं। नजर दोष दूर कर, नजरिया स्वस्थ करते हैं। यह बात लेखक डॉ.देवदत्त पटनायक ने सिटी भास्कर से कही। वे एक कंपनी कल्चर कंसल्टेंट है। फिजिशियन भी हैं और मायथोलॉजी पर 30 किताबें लिख चुके हैं। रामायण-महाभारत के माध्यम से बिजनेस और मैनजमेंट की शिक्षा देने के लिए जाने जाते हैं।



प्रतिकूल परिस्थिति में दिल-दिमाग को समझें

उन्होंने कहा कि हम सबके सामने भी ऐसे अर्जुन जैसे हालात सामने आते हैं। प्रतिकूल स्थिति में दिल और दिमाग के महत्व को समझें। जहां दिल, रस और भाव दिखाई दे समझो वह मिथ है। जहां दिमाग और विचार दिखाई दे वह लॉजिक है। आप तय करें कि मिथ चाहिए या लॉजिक। यह नजरिए से ही संभव है। राम यानी फॉलो और कृष्ण यानी तोड़ो। रामायण और महाभारत के पात्र प्रबंधन का सूत्र समझाते हैं। राम रुल फॉलो करते हैं और कृष्ण हर नियम तोड़ते दिखते हैं। लेकिन दोनों ही धर्म आधारित हैं। इसलिए सर्वस्वीकार्य हैं। रावण नियम तोड़ता है और दुर्योधन नियम मान लेता है। लेकिन दोनों स्वार्थवश यह कदम उठाते हैं। इसलिए वे अधर्मी कहलाए।

अनंत ही रियल कॉन्सेप्ट

घर के पूजा घर में अनंत देवता हैं। हर व्यक्ति का आराधक अलग। अनंत का विचार अलौकिक है। कोई टकराव नहीं। कोई भेद नहीं। सभी का सम्मान और सभी को स्थान। यही लाइफ का रियल कॉन्सेप्ट है। भगवान भी एक विचार है और वही निर्गुण और निराकार है। यानी अनंत है।

दो दिनी आईएमए की इंटरनेशनल कॉनक्लेव में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित एएम नाइक ने कहा

निडर होकर और टीम वर्क से ही हासिल की जा सकती हैं बड़ी सफलताएं

IMA CONCLAVE

सिटी रिपोर्टर • इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) की इंटरनेशनल कॉनक्लेव में शनिवार को लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के ग्रुप एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एएम नाइक को आईएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। थ्रिल्स ऑफ पॉसिबिलिटीज : डिकोडिंग इंडिया पर हुई इस कॉनक्लेव में उन्होंने ने सफलता के सूत्र भी समझाए। उन्होंने कहा कि मैं छोटे से गांव से निकलकर आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। इसके पीछे शुरुआती दिनों में मिले सबक हैं। मैं वही आपसे शेअर करना चाहता हूं। छह साल की उम्र में पिताजी ने सीख दी। उन्होंने कहा कि हमेशा निडर होकर काम करो, इसी से सफलता हासिल कर सकते हो। एजुकेशन आवश्यक है। इन बातों ने मुझे सफल बनाया। अब मैं वही काम दोहरा रहा हूं। टीम बनाकर काम करें। सिर्फ लीडर बनने की चाह ना रखें, रोल मॉडल बन जाएं। रिस्पेक्टेबल लीडर होना कठिन काम है। हार्डवर्क ही सक्सेस का मूल मंत्र है। पैशन भी बहुत आवश्यक है। शॉर्टटर्म नहीं, लॉन्गटर्म सोचें। वैल्यू सिस्टम डेवलप करें। और इन बातों से कतई समझौता ना करें।



आईएमए की दो दिनी इंटरनेशनल कॉनक्लेव में शनिवार को लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के ग्रुप एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एएम नाइक को आईएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया।

नाइक के सक्सेस मंत्र

1. हर हाल में टिके रहें, डटे रहें और कभी हार नहीं मानें।
2. नॉलेज का यूज करें। स्किल्स को अपडेट करते रहें।
3. लगन, जुनून, प्रतिबद्धता और समर्पण जैसे गुणों को विकसित करें।

युवा शक्ति का सही इस्तेमाल नहीं हो रहा



इंडिया में एयरपोर्ट सेक्टर, एक्सपोर्ट, टोमेरिज्म कनेक्टिविटी और मोबाइल यूजर्स कुल 4 ग्रोथ इंजिन हैं।भारत युवाओं का दुनिया का दूसरा बड़ा देश है जहां तकनीक मोबाइल फोन यूजर्स हैं। कटाचार बड़ी परेशानी है। यूथ पावर का यूज नहीं हो रहा क्योंकि जॉब वजन हैं। डेटमेंट अच्छा फैसला है। यह स्कीम का हिस्सा है जो स्टेप-वाइज-स्टेप्स तक करेगी। सभी लोग टैक्स के बारे में आएंगे। भारत दुनिया का सर्वाधिक अमीर देश बन सकेगा।

-दीपक पारेख, चेयरमैन, एचडीएफसी

डिजिटल बैंकिंग के लिए तैयार है अब इंडिया



ई-कॉमर्स एक उदाहरण है। इंडिया डिजिटल बैंकिंग के लिए तैयार है। इसके प्रति ऑपरेटर्स बड़ी है। तीन टियर्स पर काम होने लगा है। बैंकलेस एकनॉलेजिंग सुविधा है। डाई वर्सेलिंग से बचाव के लिए चिप और पिन एवं हाइटेक तरीके से बचना जा रहा है। साइबर क्राइम से बचने के लिए बैंक पूरी तरह तैयार हैं। इस दिशा में एक्सपर्ट की टीम लगातार काम कर रही है। अभी वाला रुपया डिजिटल बैंकिंग का ही है।

- रजनीश कुमार, एमडी, एसबीआई

खुशियों के बगैर हमारी हर उपलब्धि अधूरी है



मैनेजमेंट इज मिक एंड इम्मैनेजमेंट इज टूथ। महत्वपूर्ण यह है कि आप खुश हैं अथवा नहीं। खुशी के बिना उपलब्धियां अधूरी हैं। दुनिया को खुश करने की कोशिश में मत रहो। स्वयं को प्रसन्न रखने की कला विकसित करो। हम एक-दूसरे को खुश रखने की कोशिश में ही दुखी रहते हैं। बच्चों से जॉब और हैप्पीनेस का मंत्र सीखो। गुरु बाहर से मिलने वाला व्यक्ति नहीं अंदर से उपजने वाला ज्ञान है। भगवान और स्वर्ग कहीं नहीं है। यह आपके अंदर ही है।

- स्वामी अद्वैतानंद, रिपरिंग्आल गुरु

लीडर को बरगद की तरह नहीं होना चाहिए

जीवन में मैनेजमेंट बड़ा रोल प्ले करता है लेकिन कुछ बातों को समझना आवश्यक है। लीडर को बरगद की तरह नहीं होना चाहिए क्योंकि बरगद तले बड़ी पौध तैयार नहीं हो सकती। भीष्म पितामह का उदाहरण समझें। वह हस्तिनापुर पर संकट छाए रहे। समय पर हट जाते तो उन्हें कोई गिरा नहीं सकता था। हर पॉजिटिव की एक्सपायरी डेट होती है। सृष्टि हो या बाजार कोई उम्मीद नित-नया होता रहता है। बिल इसलिए नहीं मारता क्योंकि वह अधिक चाहता है। मुद्दों सबकुछ मिले और मैं सब कुछ कर लूं। हम इसी में समाप्त हो जाते हैं। समाजवाद विचार है कि कुछ भी रिटर्न नहीं है। यानी बंधेश फिक्सड। सेवा यानी सर्विस भी बिकती है। यह समझना जरूरी है।

- देवदत्त पटनायक, ऑथर

जिंदगी में शामिल करें थोड़ी सी जिंदगी

डिजिटल बैंकिंग के बदलाव के साथ जीवन जीने की कला सिखा गए मैनेजमेंट गुरु

दबंग रिपोर्टर ✲ इंदौर

कॉन्क्लेव के दूसरे दिन बैंकिंग, मैनेजमेंट सेक्टर के दिग्गजों ने बैंकिंग सेक्टर में हुए बदलाव व डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के बारे में चर्चा की और युवाओं को सफल होने के गुर भी बताए। इसके साथ ही कई स्पीकर्स ने लीडरशिप की क्वालिटी के साथ सफल वैवाहिक जीवन के सीक्रेट स्टूडेंट्स व कॉर्पोरेट सेक्टर के लोगों के साथ शेअर किए।

इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव के दूसरे दिन शनिवार को आईएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड लार्सन एंड टर्बो लिमिटेड के ग्रुप एक्जिक्यूटिव चेअरमैन एएम नाईक को दिया गया। ज्यूरी के चेअरमैन दीपक पारेख ने नाईक को अवॉर्ड दिया। नाईक ने युवाओं को सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा लोग कभी अपनी अंतरप्रतिभा से रूबरू होने की कोशिश नहीं करते, आपके अंदर आपका अपना क्या है जिस दिन आप ये पहचान लेंगे सफल हो जाएंगे। उन्होंने अपनी जीवन यात्रा श्रोताओं से शेअर करते हुए कहा हमें अपने सपनों की गति से चलना चाहिए।



आईएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड एएम नाईक को दिया गया।

सफलता के पांच मंत्र

स्टूडेंट्स को उन्होंने पांच मंत्र दिए, जिनका पालन कर वे जीवन में सफल हो सकते हैं।

- कभी हार न मानें।
- एजुकेशन के साथ नॉलेज की एप्लिकेशन भी बहुत जरूरी।
- हमेशा टीम में रहकर काम करें, टीम में मोटिवेटर व रोल मॉडल बनें।
- अपने नॉलेज का फायदा लें।
- हर काम समर्पण, मेहनत, लगन, जुनून और प्रतिबद्धता से करें।

रोजगार बढ़ाने की जरूरत

एनडीएफसी के चेअरमैन दीपक पारेख ने भारत में भविष्य में आने वाली चुनौतियों और अवसरों के बारे में विचार व्यक्त किए। उन्होंने सरकार के व्यय, प्राइवेट सेक्टर के खर्च, निजी उपभोग व एक्सपोर्ट को देश को चलाने वाले चार प्रमुख इंजन बताया। उन्होंने बताया अधिकांश उद्योग अपनी 70 पर्सेन्टाइल क्षमता का उपयोग कर रहे हैं। फिलहाल भारत में रोजगार पैदा करने की बहुत जरूरत है।



जमा हुए औसतन तीन करोड़

इस मौके पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने सरकार द्वारा हाल ही में जारी किए गए बजट व उससे देश की आर्थिक शोध पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया मुद्रा विमुद्रीकरण के बाद कई लोगों के करीब डेढ़ लाख बैंक खातों में औसतन तीन करोड़ रुपए जमा हुए है।



एक्सपायरी डेट स्वीकारें

दूसरे सेशन में लेखक, वक्ता, शिक्षक और पौराणिक कथाकार देवदत्त पटनायक ने सीमित सत्य व असीमित सत्य के बारे में बताया। उन्होंने अच्छे लीडर की क्वालिटी बताते हुए कहा जो लीडर अपनी एक्सपायरी डेट या आ को अच्छी तरह जानता है वही अच्छा लीडर है। यदि व्यक्ति भूख और भय को मैनेज कर ले तो उसका वैवाहिक जीवन सुखमय हो सकता है।



जीवन से मिली सीख ही गुरु

गुरु अनुभानदजी ने लोगों को खुश रहने के तरीके बताए। उन्होंने कहा हम जो तो पढ़े हैं, लेकिन जिंदगी में थोड़ी जिंदगी शामिल कर लें। कभी लोगों के डर से, कभी किसी अन्य वजह से जीवन के कई खूबसूरत लम्हे हम खो देते हैं। दूसरे हमारे बारे में क्या सोचेंगे, ये सोचना बंद करें तो ही आपका जीवन खूबसूरत बनेगा। गुरु कोई बाहरी व्यक्ति नहीं होता परंतु हमारे जीवन के अनुभवों से मिली सीख ही हमारी गुरु है।



डिजिटल बैंकिंग में बढ़त

कॉन्क्लेव में नेशनल बैंकिंग ग्रुप व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश कुमार ने 'भारत में डिजिटल इंडिया का भविष्य' विषय पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया भारत में सिर्फ सात प्रतिशत लोग ही वोट देते हैं और वो ही टैक्स भी जमा करते हैं। यदि आइडियल रेशो जो 20 पर्सेन्टाइल है, हो जाता है तो भारत में लोगों पर टैक्स का दबाव कम हो जाएगा।



शुरुआत कर रिस्पांस देखो

दूसरे सेशन में बदलते भारत की शोध में स्टार्टअप के अहम रोल पर पैनल डिस्कशन हुआ। इसमें जेटसेट रो एविएशन सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड की फाउंडर कनिका टेकरीवाल, आईना होटल एंड रिसोर्ट की सीईओ व ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर अमरुदा नायर, लेखक सुब्रह्मण्यम एस कलपथि और लेखिका श्रेयसी सिंह शामिल हुईं। कनिका ने अपनी स्टार्टअप से लेकर मुकाम हासिल करने तक की कहानी बताई।



डिवोशन-पैशन के कॉम्बीनेशन से जीत लो दुनिया

इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन के कॉन्क्लेव का दूसरा दिन

पत्रिका PLUS रिपोर्ट

इंदौर ● इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा खेल प्रशाल में आयोजित इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव के दूसरे दिन शनिवार को आईएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के ग्रुप एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एएम नाइक को दिया गया। अवॉर्ड ज्यूरी के चेयरमैन एसोसिएशन के चेयरमैन दीपक पारेख थे। कॉन्क्लेव में एसकेएफ के सौम्य कांति घोष और एसबीआई के अनुभवानंद ने स्टूडेंट्स, कार्पोरेट्स और डेलीगेट्स को मैनेजमेंट और मोटिवेशनल मंत्रास दिलीसिर किए।



लीडर बनना है तो ले जाओ ऑलराउंडर

एएम नाइक
एग्जीक्यूटिव चेयरमैन, लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड

की पाइंट्स : भारत में युवाओं के पास संभावनाओं का अंबार है। हर फ्रंटलाइन में कुछ भी जीता जा सकता है। अपनी फ्रंटलाइन में लीडर बनना चाहते हैं तो आपको ऑलराउंडर बनना होगा। डिवोशन, पैशन, कन्विक्शन और डेडिकेशन के कॉम्बीनेशन से कोई भी टारगेट असीम कर कॉम्पीटिटर को पीछे कर सकते हैं। इंडिया में इंडस्ट्री को रिस्ट्रक्चर करने की जरूरत है। कई प्रोडक्ट ऐसी होगी जो यह करना चाहते हैं। हमें एक्सपर्ट की ऐसी टीम डिफाइन करनी होगी जो इंडस्ट्री और गवर्नमेंट को अच्छे लोगों की टीम दे सके। स्टूडेंट्स को सर्विस, फाइनेंस और आईटी सेक्टर को छोड़ हैवी इंडस्ट्री में भी आगे आना चाहिए।

केस स्टडीज : हमें अपनी वैल्यू से कभी कॉम्प्रोमाइज नहीं करना चाहिए। इसके लिए हो सकता है कि जूझना में परेशानी हो, लेकिन बाद में यह चैलेंज बहुत काम आते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एलएनटी ने कभी किसी कस्टम ऑफिसर को सामान जल्द रिलीज करवाने के लिए रिश्वत नहीं दी। शुरुआत में ऐसा होता था कि लोगों के लगेज 2-3 दिन में मिल जाते थे, यही हमारी कंपनी की हमता का साक्षात्कार हो गया कि एलएनटी से डेडिकेटेड एयरलाइन को शुरू करने की जरूरत है। हम अपने वैल्यूज पर टिके रहे और अंत में यह चीजा आ गई कि कस्टम अधिकारियों को यह समझ में आ गया कि एलएनटी से पैसे नहीं मिलने वाले हैं, चाहे कितना भी खेल कर लें। इसके बाद हमारे लगेज भी आसानी से मिलने लगे।

टेक अवे : इस बात से फर्क नहीं पड़ता पड़ता कि कौन सी डिग्री है। काम को लेकर पैशनेट होना है महत्वपूर्ण है। - निवेदिता मंसल



पानी की तरह एडजस्ट करना सीखें

अनुभवानंद
डिप्यूटल गुरु

की पाइंट्स : मैनेजमेंट इज पिपल और मिस मैनेजमेंट इज दुख। दूसरों को मैनेज करना बिजनेस है और खुद को मैनेज करने से व्यवसाय हो गए तो आप सक्सेस हो। सक्सेस से ज्यादा जरूरी है कि आप खुश हो या नहीं। हम सभी खुश होना चाहते हैं, लेकिन उसको ढूंढ नहीं पाते। आप यदि खुद को भूल जाएंगे तो खुश रहेंगे।

केस स्टडीज : हमेशा पानी को तरह बनने की कोशिश करो। पानी जिस भी बर्तन में रहता है, उसके अनुसार खुदको एडजस्ट कर लेता है। उसे कोई शिकायत नहीं होती। दूसरी ओर आइस क्यूब खुदको कोसे एडजस्ट नहीं कर पाता।

कुछ तो लोग कहेंगे
लोगों का काम है कहना
छोड़ो बेकार की बातें
हमें मस्ती में रहना

टेक अवे : खुशी हमारे अंदर ही है। खुश रहना जरूरी है चाहे वह छोटी जगह न हो। खुश इंसान वही है जो सबके साथ एक जैसा है। - चित्रा बाजपेई





ज्यादातर इंडस्ट्री में 70% ही काम

दीपक पारेख
चेयरमैन, एचडीएफसी

की पाइंट्स : स्टार्ट भी डायनेमिक्स तेजी से बदल रही है और हम सबसे बड़ी इकोनॉमी के रूप में उभर रहे हैं। भारत में ग्रोथ की संभावनाएं, पॉलिटिक्स स्टेबिलिटी, प्राइवेट कंजम्पशन, प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट और एक्सपर्ट्स ये है। हमें इंडस्ट्री को पूर्वोत्तरइंडस्ट्रीज बढ़ाने की जरूरत है। देश की जनादान इंडस्ट्री क्षमता का 70 प्रतिशत ही काम कर रही है। इकोनॉमी के सुधार में सरकार को गवर्नमेंट और अमाचार चेनों का रोल अदा करना होगा।

केस स्टडीज : मुझे ऐसा लगता है कि आज से 40 साल पहले होता। आज के समय में इतने अधिक अवसर है कि उसका प्रयाग उठाकर हम शाइनिंग इंडिया के नारे को सच में पूरा कर सकते हैं।

टेक अवे : हमें अपने अपने सेक्टर में अवसरों को पहचानकर देश के विकास में योगदान देना होगा। राम ही हम सभी को विकास के लिए ईमानदारी से टैक्स देना होगा। - कनिका टेकरीवाल





लीडर को पता हो एक्सपायरी डेट

देवदत्त पटनायक
ऑथर

की पाइंट्स : अच्छा लीडर वह है जो अपनी एक्सपायरी डेट या अंत अच्छी तरह जानता है। भाषा से ज्यादा जरूरी है भाव समझना।

केस स्टडीज : ग्लोबलिक को रामायण पढ़कर मिलेगे देवता ने कहा कि यह अच्छी तो है, लेकिन हनुमान ने जो रामायण लिखी है वह ज्यादा अच्छी है। ग्लोबलिक हनुमानजी की रामायण पढ़ने के बाद रोने लगे तो हनुमान जी ने कारण पूछा। उन्होंने कहा कि आपने इतनी अच्छी कथा रचकर की है तो मेरी कौन पढ़ेगा। यह सुनते ही हनुमानजी अपनी गुलाचल निगल गए। हनुमानजी ने समापन अपने प्रभु को याद करने के लिए लिखी और ग्लोबलिक ने रचना लोगों के लिए की है। हमें समझना होगा कि हमें ग्लोबलिक बनना है या हनुमान।

टेक अवे : लाइफ में कुछ पर्मानेंट नहीं है। आज वॉट्सएप मैसेज को पढ़ लोग चाहत करते रहा जाते हैं, लेकिन अच्छाय का संसार समझने के लिए आत्मज्ञान को जरूरत है। - दीपक पारेख





बैंकों ने शुरू किया वर्चुअल ब्रांच पर काम

रजनीश कुमार
मैनेजिंग डायरेक्टर, सेक्रटरी डिविजन ग्रुप

की पाइंट्स : भारत में सिर्फ 7 परसेंट लोग ही ऐसे है जो वोट देते है और टैक्स भी। जहांडियन रेशो 20 परसेंट है। यदि इस रेशो को हासिल कर लिया जाए तो लोगों पर टैक्स का दबाव कम हो जाएगा। 90 के दशक में एचडीएफसी और आईसीआईसीआई जैसे प्राइवेट बैंक माडर्न टेक्नोलॉजी के साथ आए। 1991 में भारत में पहला एटीएम लगा था, लेकिन अब देशभर में 2 लाख से ज्यादा एटीएम है। डिजिटल बैंकिंग में काफी संभावना है और इसकी दिशा में बैंक काम भी कर रही है। वर्चुअल ब्रांच का ऑपरेशन शुरू हो गया है।

टेक अवे : टेक्नोलॉजी के साथ बैंकिंग सेक्टर के स्वरूप में बदलाव हो सकते हैं। वर्चुअल ब्रांच के जरिये लाइन में लगकर काम करवाने की प्रक्रिया खत्म हो जाएगी। - विरल जैन





इकोनॉमी में बढ़ रही है अनसर्टेनिटी

सौम्य कांति घोष
चीफ इकोनॉमिक ऑफिसर, एसबीआई

की पाइंट्स : ग्लोबल कॉम्प्लेक्सता होता जा रहा है और इकोनॉमी में अनसर्टेनिटी बढ़ती जा रही है। बजट और इकोनॉमी को देखते हुए नजर आ रहा है कि हमारी इकोनॉमी बजटप्रधान होता है। हमें टैक्सबेस बेस बढ़ाने की जरूरत है। इससे देश की इकोनॉमी में बूम आएगा। बड़े किसानों की संख्या में तेजी से कमी आ रही है। खेती करने वाले 85 परसेंट लोग अब छोटे किसान ही बचे हैं। बजट में रोडाटिफाक इनोवेशन की व्यवस्था की गई है जो कि डाकएपमेंट के लिए जरूरी है। सरकार ने जो कर में छूट दिया की है, उससे 3.8 परसेंट लोगों को लाभ मिल रहा है। डिमोनेटाइजेशन के बाद 1.5 लाख बैंक शाखों में औसतन तीन करोड़ रुपए जमा हुए हैं।

टेक अवे : देश अब बंजएप्लान डिजन इकोनॉमी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। सरकार को प्रयास है कि स्टार्ट अप इनोवेशन को बढ़ावा दिया जाए। - प्रतीक गुप्ता



स्टार्टअप का रिस्पांस देखो और आगे बढ़ो



सुब्रमण्यम : हर काम में स्कोप लगता है। पैसा न खोने का कोई रास्ता होता है। कुछ अलग सी लगता। सिर्फ अपनी स्टार्टअप कुछ अलग सी लगता। सिर्फ अपनी स्टार्टअप के लिए पैसे की चिंता ना करें।

नेगेटी : आजकी अलग नौकरी करनी है तो लगातार सीखना पड़ेगा और नयापन करना है तो नौकरी। यह सुरक्षा और बेस्ट ये दिया था और वह भी सिर्फ लाइफ सीजिंग सार।

पत्रिका Sun, 05 February 2017
epaper.patrika.com/c/16618905

आईएमए मैनेजमेंट कॉन्क्लेव : प्रिज्म ऑफ पॉसिबिलिटिज डिकोडिंग इंडिया

स्वयं को डिकोड करें, सफलता के रास्ते अपने आप खुलेंगे

अनुराग तागड़े, इंदौर

देश और इसकी अर्थव्यवस्था वाकई बदल ही है। बदलाव की बयार चारों ओर बह रही है...युवाओं की सोच और अनुभव के बोल भी यही कह रहे हैं कि भारत बदल रहा है। आपको अगर इस बदलाव का साथी बनना है या आप इसमें अपना योगदान देना चाहते हैं तो अपने आप को डिकोड करें और देखें की अनंत संभावनाओं के द्वार खुले पड़े... बस, ईमानदारी, लगन और निष्ठा से जुट जाएं, हम सभी मिलकर देश की प्रगति की राह पर तेज गति से ले जाएंगे।

इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन के इंटरनेशनल कॉन्क्लेव के दूसरे व अंतिम दिन देश की कई प्रतिष्ठित हस्तियों के अलावा युवा एंत्रप्रोन्योर ने यही संदेश दिया। इन लोगों से मुलाकात और उनकी बातों को सुनकर स्टूडेंट्स को देश की अर्थव्यवस्था, कंपनियों को बेहतर प्रबंधन से चलाने की कला और देश की दिशा जानने का मौका मिला।

लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के ग्रुप एग्जिक्यूटिव चेयरमैन ए.एम. नाईक ने उद्बोधन में युवाओं से कहा कि अगर आप स्वयं में विश्वास रखते हैं तब दुनिया की कोई ताकत आपको रोक नहीं सकती। मैं छोटे शहर से हूं पर मुझे विश्वास था कि मैं एक दिन बड़ी कंपनी में काम जरूर करूंगा। नाईक ने अपने जिंदगी और अनुभवों को भी साझा किया। उन्होंने कहा-

- अगर आपको लीडर बनना है तो केवल अच्छी पढ़ाई से बात नहीं बनेगी बल्कि आपको सभी विधाओं में पारंगत होना होगा। मैंने 21 वर्ष में ग्रेज्युएशन करके 22वें वर्ष में कर्म को ज्वाइन कर लिया था। मेरा हर 6 महीने में प्रमोशन हो जाता था क्योंकि मैंने लगन के साथ काम किया।

- गुजरात के छोटे शहर से आने के कारण मेरी अंग्रेजी ठीक नहीं थी और आगे बढ़ने के लिए उसकी जरूरत थी। मैंने घर पर ही सीखना आरंभ किया। मैं आईने के सामने अंग्रेजी बोलता था।



नाईक को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड

कॉन्क्लेव के दूसरे दिन लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के ग्रुप एक्जिक्यूटिव चेयरमेन ए.एम. नाईक को आईएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। अवॉर्ड ज्यूरी के चेयरमेन दीपक पारेख, आईएमए के शिवसिंह मेहता, संतोष मुच्छाल व अन्य पदाधिकारियों ने नाईक को अवॉर्ड प्रदान किया।

- एलएंड टी में काम करने का सपना था पर केवल आईआईटी और आईआईएम के ही इंटरव्यू होते थे। मैंने भी ठान लिया था और 1965 में जूनियर इंजिनियर के रूप में मैं कंपनी से जुड़ा।

- आज भी एल एंड टी का ऑफिस मेरे लिए मंदिर है जहां पर सबसे पहले पहुंचने वाला मैं होता हूं और सबसे आखिर में जाने वाला भी मैं होता हूं। अगर काम के घंटों का आकलन करूं तो मैंने एल एंड टी में 52 वर्ष की नौकरी में 105 वर्षों का काम किया है।

- एल एंड टी ने हमेशा से नए और कठिन कामों को करने का बीड़ा उठाया है और रिस्क ली है।

- देश को रिस्ट्रक्चर करना है तब हमें अच्छे लोगों को बदलाव के लिए तैयार करना होगा और उन्हें प्रवेशन देना होगा।

- देश के सभी युवा आईटी, स्टार्ट अप, एकएमसीजी में जाना चाहते हैं और मात्र 5 प्रतिशत हैवी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहते हैं। हमें यह समझना होगा कि देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए हमें हैवी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में युवाओं की रुचि बढ़ानी होगी।

- मेरे साथ के कई लोग विदेश गए और वहीं बस गए, पर मेरी मां को मेरी विदेश जाने की कल्पना से ही आंसू आने लगते थे और मैं विदेश नहीं गया। आज मैं विदेश में बसे दोस्त कभी कंपनियों में सीईओ या बड़ी पोस्ट पर नहीं जा पाए, वे सीनियर इंजीनियर की पोस्ट तक ही पहुंच पाए और मैं आज भी काम कर रहा हूं।

- अब संपूर्ण विश्व में सभी देशों में अपनी अर्थव्यवस्था की ओर ध्यान दिया जा रहा है और अपने ही लोगों को रोजगार देने की बातें सामने आ रही हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रम्प के आने के बाद से ग्रीन कार्ड वालों को भी हवाई अड्डे पर प्रश्न पूछे जा रहे हैं, एच वन वीजा वालों की समस्या बढ़ गई है।

- हमें अपने देश के लिए काम करना होगा और देश को बेहतर बनाने के लिए इनोवेशन करना होंगे।

(संबंधित सामग्री पेज 3 पर भी देखें)

सुबह सवेरे Sun, 05 February 2017
epaper.subahsavere.news/c/16619273

आईएमए कॉन्क्लेव के आखिरी दिन मैनेजमेंट और आध्यात्मिक गुरुओं ने बताए सफलता के राज

जुनून और समर्पण से तय होती है सफलता

इंदौर। लाइव रिपोर्टर

लोगों की अक्सर यह सोच होती है कि अगर उन्हें जिंदगी में सफल होना है, तो अच्छे संस्थानों में पढ़ाई करना जरूरी है। अगर एक व्यक्ति ने आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थान से पढ़ाई की है, तो उसकी सफलता की गारंटी बढ़ जाती है।

यह एक मिथक है। सफलता पढ़ाई के स्तर पर नहीं बल्कि जो काम किया जा रहा है, उस काम के प्रति व्यक्ति में कितना समर्पण और कितना जुनून है, इस पर निर्भर करती है। फिर चाहे बिजनेस में सफलता की बात करें या जिंदगी की। इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) के 26वें कॉन्क्लेव के अंतिम दिन प्रबंधन विशेषज्ञों ने सफलता के लिए अपने काम के प्रति जिम्मेदारी, समर्पण, जुनून, प्रतिबद्धता को जरूरी बताया।



ए एम नाइक को दीपक पारिख ने लाइफ टाइम अचिवमेंट अवार्ड दिया।

कार्यक्रम की मुख्य बातें

- एएम नाइक को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, अवॉर्ड ज्यूरी के चेयरमैन दीपक पारेख ने दिया।
- डिजिटल बैंकिंग के बदलावों पर चर्चा ।
- मैनेजमेंट गुरुओं और विशेषज्ञों के साथ सेल्फी लेने का युवाओं में दिखा क्रेज।
- सौर ऊर्जा से कॉन्क्लेव की ऊर्जा जरूरत को किया गया पूरा।
- सेशन्स के बीच में स्टूडेंट्स ने दी रंगारंग प्रस्तुति ।
- प्रोजेक्टर पर आईएमए एप पर आए स्टूडेंट के कमेंट दिखाए गए।
- कार्यक्रम की शुरुआत में प्रोजेक्टर पर मीडिया कवरेज को दिखाया गया।

पांच सूत्रों पर निर्भर करती है सफलता

लार्सन एंड टर्बो लिमिटेड के ग्रुप एविजक्यूटिव चेयरमैन और पद्म भूषण एएम नाईक ने कहा कि सफलता के लिए कठोर परिश्रम और दृढ़ संकल्प जरूरी है। अगर आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए कठोर परिश्रम करते हैं और दृढ़ संकल्पित हैं, तो कोई भी आपका रास्ता नहीं रोक सकता। उन्होंने



सफलता के लिए पांच सूत्र बताए :

- कोई भी परिस्थिति सामने आए, उससे कभी हार न माने।
- जो भी ज्ञान आपके पास है, उसे जीवन में लागू करें।
- हमेशा एक टीम में रहकर काम करें, अपनी टीम के लिए रोल मॉडल बनें।
- जो भी जानकारी आपके पास है, उसका फायदा उठाएं, क्योंकि जो आप जानते है, वह कोई और नहीं जानता।
- प्रतियोगिता किससे है, यह न देखें, बल्कि काम के प्रति समर्पण, मेहनत, लग्न, जुनून को पैदा करें।

टैलेंट मैनेजमेंट के लिए अपनी सीमा पता होना जरूरी

लेखक, वक्ता और पौराणिक कथाकार देवदत्त पटनायक ने अपने टैलेंट का सही उपयोग करने के लिए अपनी सीमाओं की जानकारी होने को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि हम कोई काम करते है और पहले दिन से हमें अपनी एक्सपाइरी डेट पता है, तो हम अपने टैलेंट को बेहतर तरीके से मैनेज कर पाएंगे।



पटनायक ने कहा कि इंद्र ने अपना महल बनवाने के लिए विश्वकर्मा को बुलाया, लेकिन हर बार उन्हें महल पसंद नहीं आया, तब विश्वकर्मा भगवान विष्णु की शरण में गए। विष्णु ने एक बच्चे का रूप धर इंद्र से कुछ खाने को मांगा, इंद्र ने उन्हें दूध दिया। उसमें से कुछ बूंदे जमीन पर गिर पड़ी, थोड़ी ही देर में वहां चीटियों का झुंड आ गया, भगवान विष्णु हंसे और इंद्र को समझाया कि हर जीव में एक ब्रह्मांड है और उस ब्रह्मांड में एक इंद्र है। इसलिए अपनी इच्छाओं को रोककर ही इंद्र बना रहा जा सकता है। उन्होंने कहा अगर हमने अनंत को जान लिया, तो जीवन की हर समस्या का हल हो जाएगा।

खुशी बाहर नहीं बल्कि भीतर खोजो

'कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना, छोड़ो उन लोगों को, मस्ती में है रहना।' आध्यात्मिक गुरु स्वामी अनुभानंद सरस्वती ने खुश रहने के लिए इस मंत्र को जीवन में ढालने की सलाह दी। खुशी को ढूंढने नहीं बल्कि उसको खोजने को कहा। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम खुशी को बाहर देखते हैं, जबकि यह हमारे अंदर मौजूद है। उन्होंने कहा कि हमने अपने बारे में, दुनिया के बारे में, भगवान के बारे में और वास्तविक आध्यात्मिक शक्ति के बारे में गलत धारणाएं बना रखी है। उन्होंने खुश रहने के सूत्र बताए



- खुश रहने का कारण मत खोजो
- सीखने की प्रक्रिया को मत रोको
- पानी जिस तरह हर स्थिति में फिट हो जाता है, उसके जैसा बनो।

भारत में अवसरों की कमी नहीं

एचडीएफसी के चेयरमैन और पद्म भूषण दीपक पारेख ने कहा कि भारत में इस समय असीम संभावनाएं है। मै सोचता हूं कि अगर आज मै 40 साल का होता, तो इन अवसरों का और बेहतर उपयोग कर सकता था। जरूरत इस बात की है, जो अवसर आज हमारे सामने है, उनका सही से उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यय, प्राइवेट सेक्टर के खर्च, निजी उपभोग और एक्सपोर्ट देश को चलाने के लिए जरूरी है। हमें इन क्षेत्रों में सम्मिलित तौर पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश उद्योग अपनी 70 फीसदी क्षमता का ही उपयोग कर रहे है, अगर यह 100 फीसदी हो जाए, तो भारत में रोजगार की कमी नहीं रहेगी।



डिजिटल बैंकिंग में असीम संभावनाएं



सौम्य कांति घोष और रजनीश सिंह

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश कुमार ने डिजिटल बैंकिंग में संभावनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा नोटबंदी के बाद भारत में डिजिटल क्रांति आई है। इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। लोग डिजिटल पेमेंट की ओर बढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि डिजिटल बैंकिंग सिर्फ पेमेंट सिस्टम नहीं है, यह रोबोटिक, लाइफ साइंस और टेक्नोलॉजी की शक्ति का उपयोग करना है। अब बैंक इस क्षेत्र में नए प्रयोग कर रहे है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। उन्होंने बताया कि एसबीआई बड़ी एप के नोटबंदी के बाद 90 लाख रजिस्टर्ड यूजर हो गए है। उन्होंने आधार नंबर को अकाउंट से जोड़ने पर कहा कि यह ऐसे लोगों के लिए फायदेमंद होगा, जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने वित्तीय बजट और उससे देश की आर्थिक वृद्धि पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बजट से आम आदमी को फायदा होगा और इससे लंबे समय में आर्थिक वृद्धि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि छोटे और मंझले उद्योगों के लिए किए प्रावधान रोजगार बढ़ाने के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने बजट में टैक्स, उसके प्रभाव, बजट के हर क्षेत्र और वर्ग पर प्रभाव को लेकर चर्चा की।

स्टार्टअप शुरू कर रिस्पांस देखो फिर आगे बढ़ो



कनिका, अमरुदा, श्रेयांशी और सुब्रमण्यम

भारत के आगे बढ़ने में स्टार्टअप के अहम रोल पर पैनल डिस्कशन में अपने स्टार्टअप शुरू करने वाले युवा बिजनेसमेन और उन पर लिखने वाले युवा लेखकों ने चर्चा की। इसमें जेटसेटगो एविएशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक कनिका टेकरीवाल ने अपनी कंपनी शुरू करने को लेकर कहा कि उन्हें कैंसर हो गया था, उसके बाद कंपनी शुरू की, सबने मना किया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। एक साथ 7 आइडिया पर काम किया, फिर सबका रिस्पांस देखा और उनमें से जेटसेटगो को चुना, क्योंकि इस आइडिया का रिस्पांस अच्छा था।

आईना होटल एंड रिसॉर्ट की सीईओ और ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर अमरूदा नायर ने कहा कि स्टार्टअप के लिए जो भी आइडिया आए, पहले उसका परीक्षण करो कि वह ठीक है या नहीं, फिर उस पर काम करो। बिना परीक्षण के काम शुरू करने से असफलता की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आइडिया को रोको नहीं।

इस चर्चा में लेखक सुब्रमण्यम एम कलापति और लेखिका श्रेयशी सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किया। सुब्रमण्यम ने कहा कि उन्होंने स्टार्टअप को लेकर किताब लिखी है और इस दौरान यह जाना कि अपना काम शुरू करने से पहले उपभोक्ता के व्यवहार के बारे में जानना जरूरी है। श्रेयशी सिंह ने कहा कि उद्यमिता एक जीवनशैली है, इसमें आइडिया तो स्वीकार किए जाएंगे, लेकिन आपको उन आइडिया में बदलाव करने के लिए तैयार रहना होगा।



यंग मैनेजर्स ने कॉन्क्लेव में डांस प्रस्तुति दी।

आईएमए इंदौर का आयोजन- 'प्रिज्म ऑफ पॉसिबिलिटीज, डिकोडिंग इंडिया'

जॉब क्रियेशन सबसे बड़ी चुनौती:दीपक पारीख



एचडीएफसी के चेयरमेन दीपक पारीख ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर कई बारिकियां बताई और कहा कि अगले कुछ वर्षों में कंपनियों के सम्मुख जॉबक्रियेशन सबसे बड़ी चुनौती होगी। उद्बोधन की प्रमुख बातें:

■ डिमानिटाईजेशन के कारण अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है और हम लेजूी और इंजी ग्रोथ की ओर बढ़ रहे है क्योंकि हमारी आदत वैसी बन चुकी है।

■ देश की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए, पब्लिक स्पेंडिंग,गवर्नमेंट स्पेंडिंग, प्रायवेट कंपनियों की भागीदारीऔर एक्सपोर्ट बड़े ही महत्वपूर्णहोते है अभी हमारी अर्थव्यवस्था के ये चारो इंजिन एक समान नहीं चल पा रहे है जिसके कारण गति नहीं आ पा रही है।

■ वर्तमान में सभी उद्योग 70 प्रतिशत की क्षमता पर ही काम कर रहे है हमें क्षमता को बढ़ाना होगा और इसे 90 प्रतिशत से ऊपर करना होगा।

■ वैश्विक अर्थव्यवस्था में अब ग्लोबलाईजेशन का विरोध हो रहा है।

■ म्युचल फंड से लेकर इश्योरेंस तक सभी का पेनिट्रेशन काफी कम है। केवल 2 प्रतिशत लोग भारत में लाईफ इश्यूरंस लेते है। चीन में प्रति एक हजार लोगो पर 293 कारें है जबकि भारत में आकडा प्रति हजार पर मात्र 20 का है।वर्ष 2040 तक इसके प्रति हजार 175 पहुंचने की आशा है।

■ अगले 20 वर्ष भारत के है तेजी से विकास करने के लिए। सरकार ने भी 4 लाख करोड़ रुपए ढ्रक्चास्ट्रक्चर में डाले है पर अब भी असेट क्वालिटी रेवेन्यू पर काम करना होगा।

■ बैंको को अब बैड बैंक कंसेप्ट पर काम करना होगा ताकि वे खराब लोन को बैड बैंक में डाले ओर नए तरीके से अच्छे लोगो को लोन दे।

■ देश में भ्रष्टाचार कम हुआ है और केंद्र में भ्रष्टाचार बिल्कुल कम हुआ है यह मैं कह सकता हूं। अब हमें ज्यादा से ज्यादा लोगो को टैक्स देने कीआदत डालना होगी , आपने कहा कि ज्यूडिशरी में अब भी जजेस की कमी है करोड़ो की संख्या में कोर्ट में केस पेंडिंग है।

थ्री क्लिक ट्रांजेक्शन की ओर बढ रही है बैंकिंग: रजनीश कुमार



रजनीश कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर नेशनल बैंकिंग ग्रुप एसबीआई के

रजनीश कुमार ने बैंको के डिजिटलाईजेशन पर अपनी बाते रखी।

■ भविष्य डिजिटल बैंकिंग का ही है और जो इस रेस में पीछे रह जाएगा उसका कोई भविष्य नहीं है।

■ बैंको के पास अब डाटा की कोई कमी नहीं बस उसे अलग अलग तरह से एनालिसिस करना है, भविष्य में क्लाउड कंप्युटिंग के कारण रोबोटिक्स, आर्टिफिशयल इंटिलिजेंस का उपयोग बैंको में धड़ल्ले से होगा।

■ मात्र पांच या दस सेकंड में लोन की मंजूरी कोई सपना या मार्केटिंग गिमिक नहीं बल्कि वयार्थ होगा क्योंकि बैंक पहले ही प्रत्येक ग्राहक के बारे में जानकारी जुटाकर रखेगी।

■ कृषि के क्षेत्र में अभी एंड टू एंड एग्रीगेटर नहीं है जिसके कारण किसानों को लोन लेने में समस्या आती है पर भविष्य में यह भी समस्या हल हो जाएगी।

■ वर्चुअल ब्रांचेज, इंटेलिजेंट कस्टमर आईडेंटिफिकेशन और क्रिप्टोकरंसी के क्षेत्र उभर कर सामने आएंगे।

■ आधार कार्ड आधारित पेमेंट होगा और मात्र तीन क्लिक में आप किसी के भी खातें में पैसे डाल सकेंगे।

■ बैंक ने गत दो महीनों में ही 85 हजार पीओएस मशीन लगाई है और समस्या यह है कि पीओएस मशीने हमें इम्पोर्ट करना पड़ रही है और इसका सबसे बड़ा निर्माता चीन है।

बी प्रोफेशनल याने भावहीन जीना: देवदत्त पटनायक



कॉन्क्लेव में ख्यात लेखक और मायथोलाजिस्ट देवदत्त पटनायक ने सारगर्भित उद्बोधन दिया। उद्बोधन की प्रमुख बातें:

■ हम भारतीयों की भाषा भले ही अलग अलग हो परंतु हम शब्दों के पीछे के भाव को जरुर जानते है।

■ अगर आपको रामायण समझना है तब महाभारत जानना जरुरी जिसे जानने के लिए विष्णु पुराण, शिवपुराण, ब्रम्ह पुराण, देवीपुराण आदि जानना जरुरी है और उसके लिए तंत्र और वेदों को जानना जरुरी है तब जाकर आप असल में सनातन धर्म को जान पाएंगे पर हम एक व्हाट्स एप पर झगड़ पड़ते है।

■ हम कहते है कि हमें प्रोफेशनल बनना चाहिए परंतु प्रोफेशनलिज्म याने भावहीन होकर जीना है।

■ अर्जुन ने चिड़िया पर निशाना साधा और उसका लक्ष्य पक्का था परंतु जब कुरुक्षेत्र में निशाना साधा तब निशाने पर परिवारवाले हो थे तब आत्मविश्वास डगमगा गया था।

■ अनंत का विचार ही सनातन है हमारा ज्ञान सीमित है इस कारण हम जितना भी सोच पाते है वह सीमित मात्रा में सोचते है।

■ आपने इस संबंध में कहानी भी बताई कि एक बार इन्द्र ने विश्वकर्मा को बुलाकर अपने लिए महल बनाने के लिए कहा। विश्वकर्मा ने सोने का महल बनाया पर इन्द्र ने कहा इससे अच्छा बनाओ, एक ओर महल बनाया पर भी इन्द्र को पसंद नहीं आया उसने कहा इससे अच्छा बनाओ। विश्वकर्मा विष्णु जी के पास गया कि यह तो समस्या है इन्द्र को कुछ भी पसंद नहीं आ रहा तब विष्णु जी बालक के रुप में इन्द्र के पास पहुंचे। इन्द्र ने बालक को अपने महल दिखाएं तब विष्णु रुप में बालक ने कहा कि यह सब तो ठीक है मुझे भूख लगी है कुछ खाने पीने के लिए दो , तब इन्द्र ने कामधेनु का दूध बच्चे को पीने दिया तब उसमें से पीने के दौरान कुछ बुंदे नीचे गिर गई और उस पर चिटिया लगने लगीतब बच्चा हंसने लगा। और फिर विष्णु जी ने कहा कि यहां से जो समुद्र तट दिख रहा है उस पर जो रेत है उस रेत के एक एक कण में एक ब्रम्हांड है जिसमें कितने ही इन्द्र है। आपने कहा कि यहीं से अंनत क्या है यह समझ सकते है और यही से निर्गुण निराकार की कल्पना साकार होती है।

■ हमें यह स्वीकार करना होगा कि हमारी जिंदगी का भी अंत होना है वैसे ही कंपनियों को यह सोचना होगा कि कंपनी की भी एक्सपायरी डेट होती है पर हमारे चाहे नेता हो या कोई कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी यह मानते है उनके बिना कुछ भी नहीं चलेगा जबकि ऐसा नहीं है ऐसे लोगो को भीष्म पितामह कहा जाता है जो बरगद के पेड़ के समान होते है जो अपने नीचे कुछ भी उगने नहीं देते है।

■ जब तक लोग है और वे भूखे है तब तक बाजार है और भूख है तो भय है और यही से वैल्यू फ्री मनी भी है।

डिकोडिंग स्टार्टअप

कॉन्क्लेव में स्टार्टअप्स को लेकर चर्चा भी हुई जिसमें जेटसेटगो की कनिका टेकरीवाल, आयना होटल एंड रिसोर्ट की अमृदा नायर लेखक सुब्रमणियम कलापार्थी तथा पत्रकार श्रेयासी सिंग ने अपने विचार रखे। चर्चा में यह बात समाने आई कि स्टार्ट अप्स को बहुत ज्यादा ग्लैमराईज्ड करके ना देखें और जब तक आपमें स्कील नहीं होगा तब तक आपके पास कितनी भी बड़ी फंडिंग आ जाए आप उसे मैनेज नहीं कर पाएंगे।

आध्यात्मिक गुरु अनुभानंद जी ने बताये हँसी के मंत्र

कॉन्क्लेव में आये गुरूजी अनुभानंद जी ने लोगो को टेंशन भरे जीवन में खुश रहने के तरीके बताये। गुरु कोई बाहरी व्यक्ति नहीं होता परंतु हमारे जीवन के अनुभवों से मिली सीख ही हमारी गुरु है। कभी भी जीवन में सीखना बंद नहीं करना चाहिये। यह ज़रूरी नहीं की हम क्या सीखते है। जीवन में खुश रहना बहुत जरूरी है चाहे वह खुशी कितनी भी छोटी क्यों न हो। खुश ईसान वही है जो सबके साथ एक जैसा है। स्वामीजी कहते है की लोगो का काम है कहना, हमे अपनी मस्ती में रहना। वो कहते हैं कभी किसी को कुछ भी साबित करके मत बताओ आप जैसे हो वैसे ही रहो और खुश रहो।

सुबह सवेरे Sun, 05 February 2017
epaper.subahsavere.news/c/16619300

जीवन जीने की कला सिखा गए मैनेजमेंट गुरु

इंदौर, 4 फरवरी. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन के कॉन्क्लेव के दूसरे दिए बैंकिंग, मैनेजमेंट सेक्टर के दिग्गजों ने बैंकिंग सेक्टर में हुए बदलाव व डिजिटल बैंकिंग के बढते उपयोग के बारे में चर्चा की और युवाओं को सफल होने के गुर भी बताए. इनके साथ ही कई स्पीकर्स ने लीडरशिप की क्वालिटी के साथ सफल वैवाहिक जीवन के सीक्रेट को स्टूडेंटस व कार्पोरेट सेक्टर के लोगों के साथ शेयर किया. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैनेजमेंट कॉन्क्लेव के दूसरे दिन आइएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड लार्सन एंड टर्बो लिमिटेड के ग्रुप एक्जिक्युटिव चेयरमेन ए एम नाईक को दिया गया . अवॉर्ड ज्यूरी के चेयरमेन दीपक पारेख ने यह अवॉर्ड श्री नाईक को प्रदान किया.

युवाओं को दिए सफलता के मूल मंत्र

श्री नाईक ने अपने जीवन की यात्रा को श्रोताओं के साथ शेयर करते हुए कहा कि हमें अपने सपनों की गति से चलना चाहिए . स्टूडेंट्स के लिए उन्होंने पांच मंत्र दिए, जिसका पालन कर वे जीवन में सफल बन सकते है और कभी भी असफल नहीं होंगे . यदि हम हार्ड वर्क व डिटरमिनेशन से काम करे तो मेरे जैसे गांव का लडका भी नाम कमा सकता है . सफलता के इन पांच मंत्रों का करे पालन



- कभी हार नहीं माने.
- नॉलेज का एप्लीकेशन बहुत जरुरी है.
- हमेशा टीम में रहकर काम करे, टीम में मोटिवेटर व रोल मॉडल बने.
- अपने नॉलेज का फायदा ले.
- हर काम को समर्पण, डिवोशन, मेहतन, लग्न , जुनून और प्रतिबद्धता से करे.

देश में रोजगार बढाने की है जरूरत : पारेख

कान्क्लेव में एचडीएफसी के चेयरमेन दीपक पारेख ने भारत के भविष्य में आने वाली चुनौतियों और अवसर के बारे में अपने विचार व्यक्त किए . इन्होंने सरकार के व्यय, प्रायवेट सेक्टर के खर्च, निजी उपभोग व एक्सपोर्ट



ए एम नायक को मिला लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड

चार प्रमुख इंजन बताया. इन्होंने बताया कि अधिकांश उद्योग अपनी 70 फीसदी क्षमता को उपयोग कर रहे है. फिलहाल भारत में रोजगार पैदा करने की बहुत जरुरत है

नोटबंदी के बाद बैंक खातों में पहुंचे औसतन तीन करोड़ : घोष

इस मौके पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने सरकार द्वारा हाल ही में जारी किए गए बजट व उससे देश को आर्थिक ग्रोथ पर पडने वाले प्रभाव के बारे में बात की. इन्होंने बताया कि मुद्रा विमुद्रीकरण के बाद करीब डेढ लाख बैंक खातों में औसतन तीन करोड रुपए जमा हुए हैं.



डिजिटल बैंकिंग में काफी संभावना, उस दिशा में बढ रहे है बैंक : रजनीश कुमार

कॉन्क्लेव में नेशनल बैंकिंग ग्रुप व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश कुमार भारत में डिजिटल इंडिया का भविष्य विषय पर अपने विचार व्यक्त किए, उन्होंने बताया कि भारत में सिर्फ 7 प्रतिशत लोग ही वोट देते है और वो ही टैक्स भी जमा करते है. यदि आइडियल रेशियो जो 20 फीसदी है वो हो जाता है तो भारत में लोगों पर टैक्स का दबाव कम हो जाएगा. बैंकिंग सेक्टर में मॉर्डन टेक्नोलॉजी 90 के दशक में आई, जब एचडीएफसी व आईसीआईसीआई जैसे प्रायवेट बैंक बाजार में आए . 1991 में भारत में पहला एटीएम लगा था लेकिन अब देशभर में 2 लाख से ज्यादा एटीएम है. डिजीटल बैंकिंग सिर्फ पेमेंट सिस्टम नहीं है, ये रोबोटिक, लाइफ साईंस और टेक्नोलॉजी की की पॉवर का उपयोग करना है. डिजिटल बैंकिंग में काफी संभावना है और इसकी दिशा में बैंक काम भी कर रही है. अब बैंक




रिस्क लेने से नहीं डरते वो ट्रायल और इरर डेवलमेंट में विश्वास करते है. एसबीआई में 90 लाख ऑनलाइन यूजर है और लगातार बढ़ते जा रहे है.

अपनी एक्सपायरी डेट को स्वीकार करने वाला ही होता है सफल : पटनायक

दूसरे सेशन में लेखक, वक्ता, चिंतक और पौराणिक कथाकार देवदत्त पटनायक ने सीमित सत्य व असीमित सत्य के बारे में बताया . इन्होंने अनंत के कंसेप्ट को विस्तार पूर्वक व्याख्या की . अच्छा लीडर की क्वालिटी को बताते हुए कहा कि जो लीडर अपनी एक्सपायरी डेट या अंत को अच्छी तरह से जानता है, वो ही अच्छा लीडर है . यदि व्यक्ति भूख और भय को मैनेज कर ले तो उसका वैवाहिक जीवन अच्छा व सुखमय हो सकता है . इन्होंने बताया कि हर शब्द का अर्थ होता है और हर अर्थ का अभिव्यक्ति होती है . किसी भी व्यक्ति के जीवन जीने के लिए या सरवाइव करने के लिए पहचान, भूख व डर का होना बहुत जरुरी है . हर व्यक्ति की एक एक्सपायरी डेट है जो इसे स्वीकार करता है वो ही सफल हो पाता है . जीवन में भूख जरुरी है और उसके लिए भोग जरुरी है और जो भोग के लिए बाजार की जरुरत है , जो बिजनेसमेन इसे समझ लेता है वो सरवाइव कर जाता है .

आध्यात्मिक गुरु अनुभानंद ने बताये हँसी के मंत्र

कॉन्क्लेव में आये गुरूजी अनुभानंद ने लोगों को टेंशन भरे जीवन में खुश रहने के तरीके बताये. गुरु कोई बाहरी व्यक्ति नहीं होता परंतु हमारे जीवन के अनुभवों से मिली सीख ही हमारी गुरु है। कभी भी जीवन में सीखना बंद नहीं करना चाहिये. यह जरूरी नहीं की हम क्या सीखते है। जीवन में खुश रहना बहुत जरूरी है चाहे वह खुशी कितनी भी छोटी क्यों न हो. खुश ईसान वही है जो सबके साथ एक जैसा है। स्वामीजी कहते है की लोगो का काम है कहना, हमे अपनी मस्ती में रहना. वो कहते हैं कभी किसी को कुछ भी साबित करके मत बताओ आप जैसे हो वैसे ही रहो और खुश रहो.



स्टार्टअप शुरु कर रिस्पांस देखो और फिर आगे बढ़ो

